भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2476
उत्तर देने की तारीख 03 अगस्त, 2026
12 श्रावण, 1948 (शक)

छत्तीसगढ़ में फिट इंडिया मूवमेंट का क्रियान्वयन

2476. श्रीमती रूपकुमारी चौधरी:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) छत्तीसगढ़ राज्य में फिट इंडिया मूवमेंट के शुरू होने से अब तक इसके अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों एवं गतिविधियों सहित आयोजित कार्यक्रमों तथा उनसे लाभान्वित प्रतिभागियों की संख्या का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पाँच वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान छत्तीसगढ़ में उक्त मूवमेंट के अंतर्गत आवंटित, जारी तथा उपयोग की गई धनराशि का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) छत्तीसगढ़ में उक्त मूवमेंट के अंतर्गत पंजीकृत एवं प्रमाणित विद्यालयों, महाविद्यालयों, शिक्षण संस्थानों, ग्राम पंचायतों तथा अन्य संगठनों की जिला-वार संख्या कितनी है;

(घ) छत्तीसगढ़ में फिट इंडिया मूवमेंट में महिलाओं, युवाओं, जनजातीय समुदायों तथा दिव्यांगजनों की भागीदारी बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा कौन से उपाय किए गए हैं अथवा किए जा रहे हैं; और

(ङ) छत्तीसगढ़ के आकांक्षी, ग्रामीण तथा जनजातीय जिलों में उक्त मूवमेंट के प्रभावी कार्यान्वयन को सुदृढ़ बनाने हेतु सरकार द्वारा कौन से कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ङ): छत्तीसगढ़ राज्य सहित देशभर में नागरिकों को नियमित शारीरिक गतिविधियों एवं फिटनेस के माध्यम से सक्रिय तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से फिट इंडिया अभियान का कार्यान्वयन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में फिटनेस से जुड़ी अन्य पहलों सहित 'संडेज़ ऑन साइकिल', रायपुर, जगदलपुर एवं सरगुजा में आयोजित खेलो इंडिया जनजातीय खेल 2026 के दौरान फिट इंडिया स्टॉल तथा राष्ट्रीय खेल दिवस, विश्व साइकिल दिवस, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन

सहित अनेक कार्यक्रम और गतिविधियाँ आयोजित की गई। वर्तमान स्थिति के अनुसार छत्तीसगढ़ में 23,352 'संडेज़ ऑन साइकिल' कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 2,02,643 व्यक्तियों ने प्रतिभागिता की है।

सरकार द्वारा फिट इंडिया आंदोलन के अंतर्गत महिलाओं, युवाओं, जनजातीय समुदायों तथा समाज के अन्य वर्गों की भागीदारी बढ़ाने के लिए अनेक पहलें की गई हैं। 'संडेज़ ऑन साइकिल' जो दिनांक 17.12.2024 को प्रारंभ किया गया था, छत्तीसगढ़ राज्य सहित देश के 500 से अधिक जिलों में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 36 लाख से अधिक साइकिल प्रेमियों की भागीदारी हुई है तथा 8 करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंच बनाई गई है। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर देशभर में 12 लाख से अधिक स्थानों पर फिटनेस संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें 30 करोड़ से अधिक नागरिकों ने भाग लिया। फिट इंडिया कार्निवल में 25,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया तथा इसके माध्यम से सोशल मीडिया पर 4.8 करोड़ से अधिक इम्प्रेशन प्राप्त हुए। दिनांक 12 अप्रैल, 2026 को छत्तीसगढ़ में युवाओं पर केंद्रित एक विशेष संस्करण का भी आयोजन किया गया। फिट इंडिया अंतरराष्ट्रीय महिला सप्ताह के दौरान, देशभर में 250 से अधिक स्थानों पर योग सत्र आयोजित किए गए, जिनमें 75,000 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। राज्य के आकांक्षी, ग्रामीण एवं जनजातीय जिलों में अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इन पहलों के साथ-साथ निरंतर जागरूकता एवं सामुदायिक आउटरीच संबंधी गतिविधियां भी संचालित की जा रही हैं।

इस मंत्रालय द्वारा खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत धनराशि घटक-वार अथवा राज्य-वार नहीं, स्कीम-वार आवंटित और जारी की जाती है। छत्तीसगढ़ राज्य सहित देशभर में विगत पाँच वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत आवंटित धनराशि तथा किए गए व्यय का विवरण निम्नानुसार है:

(करोड़ ₹ में)

वित्तीय वर्ष	आवंटित धनराशि	किया गया व्यय
2021-22	869.00	764.29
2022-23	600.00	596.39
2023-24	880.00	872.20
2024-25	746.54	620.75
2025-26	700.00	691.17
2026-27 (दिनांक 15.07.2026 की स्थिति के अनुसार)	924.35	257.22

****